an>

Title: Regarding price rise of Cooking Gas and Petroleum Products

श्री दीपक बैज (बस्तर): देश में महंगाई चरम पर हैं, केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न कर बढ़ाये जाने से महंगाई और बढ़ रही है । अत्यधिक महंगी घरेलू रसोई गैस के कारण आम आदमी गैस सिलेंडर भरवाना बंद करते जा रहे हैं और सरकार आए दिन घरेलू रसोई गैस के दामों में वृद्धि करती जा रही है । सरकार के अव्यवहारिक नीतियों के कारण देश में बेतहाशा आवश्यक खाद्य पदार्थ के दाम बढ़ गए हैं । महंगाई के कारण लोग भरपेट भोजन नहीं कर पा रहे हैं । मेरी मांग है कि सरकार अविलम्ब घरेलू रसोई गैस, डीजल, पेट्रोल के दाम कर करें जिससे महंगाई कम हो और आम आदमी भरपेट भोजन कर सकें ।